कक्षा–8

विज्ञान

Month	Title of the Programme	Main Objectives	No. of Periods allocated
अप्रैल	Skill Passbook & Catch up Programme	• Skill Review and Identification of Learning gaps	13
मई	Skill Passbook & Catch up Programme	• Achieving the target of Skill Development	18
	Previous Grade Competency Test (PGCT)		
जून	ग्रीष्मावकाश– 1 जून से 30 जून तक		

मास	पुस्तक का नाम	विषयवस्तु	अधिगम उपलब्धियाँ	शिक्षण के पीरियड		दोहराई के पीरियड
				सैद्धांतिक	प्रायोगिक	
जुलाई	विज्ञान	फसल उत्पादन एवं प्रबंधन	फसल उत्पादन की विभिन्न पद्धतियों पर चर्चा करते हैं व अनुभव बाँटते हैं। प्रश्नों द्वारा तार्किक विवेचना करते हैं तथा क्रियाकलापों के माध्यम से प्रमाणित करते हैं। पौधों की वृद्धि के लिए यूरिया एवं हरी खाद के महत्त्व पर चर्चा करते हैं। कीटनाशक दवाइयों के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक होते हैं।	5	1	2
		संश्लेषित रेशे और प्लास्टिक	विभिन्न संश्लेशित रेशों को जानते हैं और उनके उपयोग को समझते हैं व चर्चा करते हैं। दैनिक जीवन में वस्त्रों के रेशों को गुणों के आधार पर छाँटकर वर्गीकृत करते हैं तथा प्लास्टिक के उचित उपयोग एवं इससे होने वाले पर्यावरण संकट को कम करने के प्रति जागरूक होते हैं।	4	1	1
	अन्तिम सप्ताह में पहला मासिक आकलन					

अगस्त	विज्ञान	सूक्ष्म जीव मित्र एवं शत्रु	दैनिक जीवन में सूक्ष्मजीवों का योगदान को जानते हैं एवं चर्चा करते हैं तथा प्रश्नों द्वारा तार्किक विवेचना करते हैं। क्रियाकलापों के माध्यम से तार्किक विवेचना करते हैं। सूक्ष्म जीवों से होने वाली बीमारियों से जागरूक होते हैं।	4	1	1
		पदार्थ – धातु और अधातु	अवलोकन द्वारा धातुओं के भौतिक एंव रासायनिक गुणों को जानकर चर्चा करते हैं। क्रियाकलापों द्वारा निष्कर्ष स्थापित करते हैं, रिर्पोटिग करते हैं एवं तार्किक विवेचना करते हैं। धातुओं व अधातुओं को दैनिक जीवन में प्रयोग से जोड़ते हैं।	3	–	1
		ध्वनि	अपने अनुभवों द्वारा ध्वनि के स्त्रोतों को जानते हैं और चर्चा करते हैं। सम्बन्धित प्रश्नों द्वारा प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। क्रियाकलापों द्वारा ध्वनि के संचरण, प्रबलता, तारत्व को समझते हैं और निष्कर्षों का सूचीकरण करते हैं। ध्वनि प्रदूषण को कम करने के प्रति जागरूक होते हैं।	3	1	1
	अन्तिम सप्ताह में दूसरा मासिक आकलन					
सितम्बर	विज्ञान	कोयला और पेट्रोलियम	जीवाश्म ईधनों की निर्माण प्रक्रिया एवं परिष्करण को जानते हैं व चर्चा करते हैं। उनके उचित प्रयोग पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं तथा खोज की प्रवृत्ति का विकास करते हैं।	6	1	2
		पौधों एवं जंतुओं का संरक्षण	अवलोकन तथा चर्चा द्वारा वन एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण को समझकर जागरूक होते हैं तथा वृक्ष, ऊर्जा और पानी के उपयोग, पुनःउपयोग व बचत के प्रति	5	1	1

			संवेदनशील होते हैं।			
	अर्द्धवार्षिक आकलन					
अक्तूबर	विज्ञान	दहन और ज्वाला कोशिका–संरचना एवं प्रकार्य	अवलोकन व क्रियाकलापों के द्वारा पदार्थों को दहन के आधार पर वर्गीकृत करते हैं तथा दहन के प्रक्रम को समझते हैं। प्रयोगात्मक विधि द्वारा ज्वाला के क्षेत्रों का अवलोकन करते हैं तथा इन प्रक्रमों को दैनिक जीवन से जोड़ते हैं। क्रियाकलापों द्वारा कोशिका की संरचना एवं कोशिकाँगों के कार्यों को समझते हैं। चित्रांकन द्वारा अभिव्यक्ति करते है। विभिन्न कोशिकाओं का अवलोकन कर वर्गीकरण करते हैं।	5 4	1 –	1 1
	अन्तिम सप्ताह में तीसरा मासिक आकलन					
नवम्बर	विज्ञान	जंतुओं में जनन तारे और सौर परिवार वायु तथा जल का प्रदूषण	अवलोकन तथा क्रियाकलापों द्वारा जनन के प्रक्रम तथा उसकी विधियों, जनन अंगों को जानते हैं तथा वर्गीकरण करते हैं। विभिन्न जीवों में जनन का तुलनात्मक अध्ययन करते हैं। अवलोकन द्वारा चन्द्रकलाओं, तारों, सूर्य तथा तारा मण्डल की अवधारणा को समझते हैं। अपने अनुभव बाँटते है। सौर परिवार, ग्रह, उपग्रह व अन्य सदस्यों को जानते हैं व चर्चा करते हैं। मॉडल बनाकर कृत्रिम उपग्रहों के अनुप्रयोगों पर जागरूक होते हैं। विभिन्न प्रकार के जल व वायु प्रदूषण व इससे होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में चर्चा करते हैं एवं अनुभव बाँटते हैं। पौधा–घर प्रभाव को क्रियाकलाप द्वारा समझते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभागिता द्वारा प्रदूषण की	3 4 3	1 – –	1 1 1

			रोकथाम के प्रति जागरूक होते हैं।			
	अन्तिम सप्ताह में चौथा मासिक आकलन					
दिसम्बर	विज्ञान	किशोरावस्था की ओर बल तथा दाब	किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों पर चर्चा करते हैं। विभिन्न हार्मोन के कार्य को समझते हं तथा अन्य जन्तुओं से तुलना करते हैं। जननात्मक स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूक होते हैं। ड्रग्स के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक होते हैं। दैनिक जीवन के उदाहरणों एवं क्रियाकलापों द्वारा बल एवं दाब के प्रक्रम व प्रकारों को समझते एवं चर्चा करते हैं तथा जीवन मे होने वाले प्रक्रमों से जोड़ते हैं तथा वर्गीकरण व समूहीकरण करते हैं।	5 4	1 1	1 1
जनवरी	विज्ञान	घर्षण कुछ प्राकृतिक परिघटनाएँ	प्रयोगों द्वारा घर्षण की अवधारणा व प्रकारों को समझकर चर्चा करते हैं तथा दैनिक जीवन के विभिन्न उदाहरणों द्वारा घर्षण को वर्गीकृत करते हैं तथा इससे जुड़ी परियोजना को करने में रूचि दिखाते हैं। विभिन्न प्राकृतिक परिघटनाओं जैसे तड़ित, भूकंप के कारणों व परिणामों को जानकर चर्चा द्वारा अपने अनुभव बाँटते हैं तथा उनकी रोकथाम के प्रति जागरूक होते हैं।	4 4	1 –	1 1
	अन्तिम सप्ताह में पाँचवाँ मासिक आकलन					
फरवरी	विज्ञान	विद्युत धारा के रासायनिक प्रभाव	क्रियाकलापों द्वारा विद्युत के चालन को समझकर चर्चा करते हैं। विभिन्न प्रदार्थों का चालकता के आधार पर वर्गीकरण करते हैं। विद्युत धारा के रासायनिक प्रभाव पर क्रियाकलापों द्वारा अनुभव बाँटते हैं। अपने आसपास की विद्युत लेपित वस्तुओं की सूची बनाते हैं तथा दैनिक जीवन से जोड़ते हैं।	4	1	1

		प्रकाश	समतल दर्पण की सहायता से प्रकाश की दिशा में परिवर्तन व परावर्तन के नियमों को समझते हैं। प्रयोगात्मक विधि द्वारा प्रतिबिम्ब के बनने की तार्किक विवेचना व प्रकाश के विक्षेपण का अध्ययन करते हैं। हमारे नेत्रों की संरचना तथा समीप और दूर की वस्तुओं का अवलोकन करते हैं। ब्रेल पद्धति के उपयोग को समझते हैं।	5	1	1
मार्च	दोहराई एवं वार्षिक आकलन					14